प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात **दिनांक- 10.06.2026**

थाना मंगलपुर पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए दहेज हत्या में वांछित 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।

कृपया अवगत कराना है कि जनपद कानपुर देहात में महिला संबंधी अपराधों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, दिनांक 08.06.2026 को वादी द्वारा थाना मंगलपुर पर तहरीर दी गयी कि वादी की पुत्री की शादी में दिये गये दहेज से उसकी पुत्री के ससुरालीजन का संतुष्ट न होना, अतिरिक्त दहेज में चार पहिया गाड़ी व 10 लाख रूपये की मांग करना, मांग पूरी न होने पर वादी की पुत्री के साथ गाली-गलौज व मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी देना, वादी की पुत्री द्वारा वादी को फोन से उक्त घटना के बारे में बताने पर वादी द्वारा अपनी पुत्री को लेने के लिए ग्राम सबलपुर आना व अपनी बेटी को अपने साथ ले जाने की बात कहना तभी अभियुक्तगण द्वारा वादी के साथ भी गाली-गलौज करते हुये मारपीट करना व जान से मारने की धमकी देना तथा दिनांक 07.06.2026 को अभियुक्तगण द्वारा वादी की पुत्री का गला घोंट कर जान से मार देना, जिसके संबंध में थाना मंगलपुर पर **मु0अ0सं0 150/2026 धारा 85/80(2)/115(2)/352/351(3) बीएनएस व 3/4 डी0पी0 एक्ट** बनाम मोहित पुत्र स्व0 राम किशोर निवासी सबलपुर सौरापुर थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात आदि 09 नफर अभियुक्तगण पंजीकृत किया गया। मुकदमा उपरोक्त में थाना मंगलपुर पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए अभियुक्त मोहित उपरोक्त को दिनांक 10.08.2026 को सैय्यद बाबा मजार के पास बम्बा पुलिया औरंगाबाद रोड कस्बा व थाना मंगलपुर से गिरफ्तार किया गया। शेष अभियुक्तगण के विरुद्ध विधिक कार्यवाही प्रचलित है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

मोहित पुत्र स्व0 राम किशोर निवासी सबलपुर सौरापुर थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात

अभियुक्त का आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0 438/2022 धारा 323/504/506 भा0द0वि0 थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात।
2. मु0अ0सं0 320/2024 धारा 115(2)/3(5)/324(4)/351(3)/352/74 बीएनएस थाना मंगलपुर जनद कानपुर देहात।
3. मु0अ0सं0 150/2026 धारा 85/80(2)/115(2)/352/351(3) बीएनएस व 3/4 डी0पी0 एक्ट थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात

गिरफ्तार करने वाली थाना मंगलपुर पुलिस टीम-

1. व0उ0नि0 श्री कमलेश यादव
2. रि0कां0 1290 सोनू कुमार
3. रि0कां0 325 कृष्ण अवतार